हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार 29 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 19.8 डिग्री
न्यूनतम 5.5 डिग्री

11 केसीएल में रोहतक रॉयल्स ने फरीदाबाद ...




12 खाप प्रतिनिधियों ने जताया एसआईटी ...




# आरपीएस महेंद्रगढ़ के कृष्ण कुमार ने क्लैट में ऑल इंडिया कैटेगरी रैंक-1 प्राप्त कर इतिहास रचा

## -कानूनी शिक्षा के शिखर पर आरपीएस के सितारे

## क्लैट व एलेट 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन



कृष्ण कुमार

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस विद्यालय खातोद महेंद्रगढ़ के छात्र कृष्ण कुमार ने वर्ष 2026 की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विधि प्रवेश परीक्षा क्लैट में अपनी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त कर इतिहास रच दिया। वहीं पीयूष ने हरियाणा कैटेगरी में स्टेट रैंक-1, महक, रौनक, अक्षिता व ज्योति चनेजा ने विभिन्न राज्यों में स्टेट रैंक-2, जबकि श्रेयसी और नव्या ने स्टेट रैंक-4 हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली द्वारा आयोजित एलेट परीक्षा में भी आरपीएस की छात्रा महक ने अपनी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक-3 तथा स्पंदन ने ऑल इंडिया रैंक-27 प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। बता दें कि आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विधि प्रवेश परीक्षाओं क्लैट और एलेट में ऐतिहासिक सफलता दर्ज कर शिक्षा जगत में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने न केवल देशभर में बल्कि विभिन्न राज्यों में भी टॉप रैंक हासिल कर क्षेत्र, जिला और प्रदेश का नाम रोशन किया है। हाल ही में घोषित क्लैट में आरपीएस महेंद्रगढ़ के कृष्ण कुमार ने अपनी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक-1, छात्र पीयूष ने हरियाणा कैटेगरी में स्टेट रैंक-1, महक,रौनक, अक्षिता व ज्योति चनेजा ने विभिन्न राज्यों में स्टेट रैंक-2, श्रेयसी और नव्या ने स्टेट रैंक-4 तथा श्रेयसी कंबोज, कुसुमलता, अंशु, पीयूष, शिखा, लक्षिता, प्रतीक्षा, उषा, वल्लिका, प्राशी गुप्ता, वैभवी सुरेरिया, माही राव, स्पंदन, हंशिका सहित अन्य विद्यार्थियों ने टॉप रैंकों में स्थान बनाते हुए आरपीएस की शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की। उधर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली द्वारा आयोजित एलेट परीक्षा में भी आरपीएस के छात्रा महक ने अपनी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक-3 तथा स्पंदन ने ऑल इंडिया रैंक-27 प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। इस वर्ष आरपीएस के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने क्लैट व एलेट क्वालिफाई किया, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा आरपीएस के छह विद्यार्थियों कृष्ण कुमार, महक, पीयूष, श्रेयसी, अक्षिता धीमान, रौनक को नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी बेंगलुरु में मिला दाखिला।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि न्यायपालिका समाज की सेवा और संविधान की रक्षा का सशक्त माध्यम है और आरपीएस के ये विद्यार्थी भविष्य के सशक्त न्याय प्रहरी बनेंगे। आरपीएस के विद्यार्थी अब तकनीकी, चिकित्सा के साथ-साथ विधि और वाणिज्य के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय स्तर पर इतिहास रच रहे हैं। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉक्टर पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस की शिक्षण प्रणाली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार करने में सक्षम है, जिसका परिणाम क्लैट और एलेट में यह अभूतपूर्व सफलता है। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल है। ग्रुप के डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने बताया कि विद्यालय द्वारा राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों को नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर अध्ययन सामग्री उपलब्ध करवाई जाती है। परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए समय-समय पर 'मोटिवेशनल सेशन' और काउंसलिंग का आयोजन किया जाता है, जिससे कि विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बना रहे।



**सफल विद्यार्थियों ने कहा कि यह सफलता आरपीएस परिवार की दूरदर्शी सोच और अटूट परिश्रम का परिणाम है। विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की इन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। अनुभवी शिक्षकों और कानूनी विशेषज्ञों द्वारा नियमित कक्षाओं के साथ-साथ कठिन विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए।**

(ADVT.)


# ईवी अपनाने में पिछड़ा रोहतक

- *लंबी दूरी की यात्रा के शौकीन हैं शहर के लोग*
- *रेंज कम होने से अरुचि*
- *बैटरी को लेकर भी संदेह*

## शहर में **20** पेट्रोल पंपों पर लगी हैं ई–चार्जिंग मशीनें, अब तक नहीं हुई शुरू

## वाहन डीलर्स हर माह **12** से **15** चौपहिया वाहन ही बेच रहे, मार्च के बाद आ सकता है बूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने में रोहतक शहर लगातार पिछड़ रहा है। प्रदूषण कम करने के उद्देश्य से शहर के पेट्रोल पंपों पर लगाई गई ई-चार्जिंग मशीनें आज खुद उपेक्षा का शिकार बनी हुई हैं। हालात यह हैं कि एक साल से अधिक समय पहले लगाई गई अधिकांश ई-चार्जिंग मशीनें अब तक शुरू ही नहीं हो पाई हैं और पेट्रोल पंपों पर धूल फांक रही हैं। हालांकि इसके पीछे बड़ी वजह रोहतक में इलेक्ट्रिक वाहनों की भारी कमी को माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि लोग लंबी दूरी की यात्रा के शौकीन हैं, ईवी की रेंज लगभग 300 किमी तक है। इसलिए रेंज कम होने के कारण भी इन वाहनों को खरीदने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे। इलेक्ट्रिक वाहन बेचने वाले डीलर्स भी ग्राहकों का इंतजार ही करते रहते हैं। रोहतक शहर सहित जिले के केवल 20 पेट्रोल पंपों पर ही ई-चार्जिंग मशीनें




लगाई गई हैं, लेकिन इनमें से भी अधिकतर अब तक चालू नहीं हो सकी हैं। करीब दो वर्षों से इन मशीनों को शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन पेट्रोल कंपनियों और पेट्रोल पंप संचालकों के बीच मंजूरी और तकनीकी प्रक्रियाओं को लेकर मामला अटका हुआ है। पंप संचालकों का कहना है कि ई-चार्जिंग मशीनों के संचालन में सॉफ्टवेयर से जुड़ी दिक्कतें सामने आ रही हैं। मशीनों को कंपनी के सेंट्रल सिस्टम से जोड़ना है, लेकिन इसे लेकर कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं हैं। वहीं ईवी की कम संख्या होने की वजह से भी मशीनों के शुरू होने में देरी हो रही है।

### प्राइवेट मशीनें शुरू की

कुछ पेट्रोल पंप संचालकों ने इस समस्या का निजी स्तर पर समाधान निकालते हुए प्राइवेट ई-चार्जिंग मशीनें शुरू कर दी हैं। शीला बाईपास, हिसार रोड, आजादगढ़, जींद रोड सहित कुछ स्थानों पर स्थित पेट्रोल पंपों पर निजी चार्जिंग मशीनें चालू हैं, जहां लोग अपने ई-वी वाहन चार्ज करवा रहे हैं।

### समन्वय की कमी : विशेषज्ञ

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पेट्रोल कंपनियां और पंप संचालक आपसी समन्वय से जल्द समाधान निकालें, तो शहर में ई-वाहनों को बढ़ावा मिल सकता है। प्रशासन और संबंधित कंपनियां इस दिशा में कब तक ठोस कदम उठाती हैं और ई-चार्जिंग मशीनें वास्तव में जनता के काम आ पाती हैं या नहीं।

### 170 से अधिक पेट्रोल पंप

रोहतक में करीब 170 पेट्रोल पंप हैं, जो शहर, महम, कलानौर, सांपला सहित विभिन्न राष्ट्रीय और राज्यीय राजमार्गों पर स्थित हैं। इनमें इंडियन ऑयल के करीब 100 पेट्रोल पंप, एचपी के 27, बीपीसी के 28, नायरा के 8 और जेईओपीपी के 3 पेट्रोल पंप शामिल हैं। इतने बड़े नेटवर्क के बावजूद ई-चार्जिंग सुविधा सही से नहीं शुरू हो पा रही।

### दिल्ली में डीजल वाहनों पर रोक

आने वाले दिनों में दिल्ली में भी डीजल के साथ साथ पेट्रोल वाहनों के प्रवेश पर रोक लग सकती है। इसलिए सरकार चाहती है कि लोग इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर रुख करें। दिल्ली में हर साल प्रदूषण बढ़ते ही डीजल वाहनों पर रोक लगाई जाती है।

### प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए बनाई थी योजना

एनसीआर में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को रोकने के लिए सरकार ने योजना बनाई थी कि अब डीजल वाहनों को छोड़ना होगा। इसके बदले लोग इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रयोग करें तो प्रदूषण स्तर कम हो सकता है। इसी सोच के साथ रोहतक में भी ई चार्जिंग मशीनें लगवाई गई गई हैं।

### कुछ पेट्रोल पंपों पर ही लगी हैं चार्जिंग मशीनें

कुछ पेट्रोल पंप पर ही इलेक्ट्रिक चार्जिंग मशीनें लगी हुई हैं। मार्च के बाद सभी मशीनें शुरू होने की सम्भावनाएं हैं। अभी रोहतक में इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहनों की संख्या एक हजार से भी कम है। लोगों में जागरुकता की कमी है। मार्च के बाद योजना पर तेजी से काम हो सकता है। **-पूनित कौशिक, प्रधान पेट्रोल पंप एसोसिएशन, रोहतक**

### लम्बी दूरी पर चार्जिंग खत्म होने का भय, बदलवाने का भी झंझट

शहर में कई मोटर कंपनियां ईवी वाहन बेच रही हैं। लेकिन अभी इनकी डिमांड बहुत कम है। सेल्समैन बताते हैं कि हर माह मुश्किल से रोहतक में 12 से 15 गाड़ियां ही बेची जा रही हैं। लोग अभी इलेक्ट्रिक वाहन कम पसंद कर रहे हैं। उनमें जागरुकता की कमी है। साथ ही डर बना हुआ रहता है कि लम्बी रेंज पर सफर के दौरान बैटरी खत्म हो गई तो वह क्या करेंगे। इसके अलावा तीन से चार साल बाद बैटरी बदलवाने का भी झंझट रहता है।

# घर पर फायरिंग करने के तीन आरोपी पकड़े, हथियार बरामद

**रोहतक।** गांव गद्दी खेड़ी में एक घर पर की गई फायरिंग की घटना में पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। इस मामले में पहले ही दो आरोपियों को काबू किया जा चुका है। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है और



जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किए जाने की बात कह रही है। गांव गद्दी खेड़ी निवासी आशीष के घर पर 20 जनवरी की रात तीन युवकों ने फायरिंग कर दी थी। इस वारदात से गांव में दहशत का माहौल बन गया था। सीसीटीवी में कैद फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान कपिल निवासी गांव बलम्भ, कलानौर, मोहित निवासी गांव मुंगान तथा सोमबीर निवासी गांव ईशापुर खेड़ी के रूप में हुई है।

## पुराना बस स्टैंड के पास 2 लाख की लूट

**रोहतक।** शहर के पुराना बस स्टैंड के पास बड़ा बाजार में लूट की घटना सामने आई। बड़ा बाजार निवासी शिव किशोर के साथ कुछ अज्ञात हमलावरों ने मारपीट की और उनसे लगभग 2 लाख रुपये लूट लिए। शिव किशोर ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अज्ञात युवकों ने उन्हें पकड़कर मारपीट की और उनका बैग छीन लिया, जिसमें 2 लाख रुपये थे। हमलावर घटना के बाद फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## हादसे में घायल पुलिसकर्मी की मौत

**रोहतक।** महम में हुए सड़क हादसे में घायल फतेहाबाद में तैनात एक पुलिसकर्मी की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा 21 जनवरी की सुबह करीब 7 बजे महम चीनी मिल के सामने एनएच-9 के पुल पर हुआ था। घने कोहरे के कारण यहां पांच गाड़ियां आपस में टकरा गई थीं, जिसमें कई लोग घायल हो गए थे। मृतक पुलिसकर्मी की पहचान फतेहाबाद में तैनात जवान के रूप में हुई है, जो मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला था। हादसे के समय वह अपनी ड्यूटी से संबंधित कार्य के लिए जा रहा था।




## खबर संक्षेप



### सांख्यिकी विभाग में कार्यशाला का शुभांरभ

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के सांख्यिकी विभाग में बुधवार को सात दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में विभागाध्यक्ष प्रो. एससी मलिक ने मुख्य वक्तव्य देते हुए वर्तमान प्रतिस्पर्धी वातावरण में कौशल आधारित शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान, अनुकूलन क्षमता और सतत सीखने की प्रवृत्ति को भी अपनाएं।



### युवा संसद प्रतियोगिता में एकता सर्वश्रेष्ठ वक्ता

**रोहतक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सांगाहेड़ा में मंडल स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। एकता को सर्वश्रेष्ठ वक्ता चुना गया। आलोक के शानदार प्रदर्शन की विशेष सराहना की।
कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी संजय हुड्डा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं की तैयारी पूरी लगन से करने के लिए भी प्रेरित किया।



### नशा तस्करी में 3 वर्ष से फरार आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी में पिछले 3 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 8 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। 27 मई 2022 को पुलिस टीम द्वारा एक वाहन को रोककर तलाशी ली गई थी, जिसमें सवार रोहित निवासी चिराग दिल्ली तथा प्रवीन उर्फ पिन्ना निवासी गांव गामड़ी, जिला सोनीपत को नशीले पदार्थ सहित काबू किया गया था।



### नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया भव्य स्वागत

**रोहतक।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय कांग्रेस भवन में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कुलदीप (केडी) ने नवनियुक्त रोहतक जिला (शहरी) कार्यकारिणी के सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत व अभिनंदन किया। समारोह में सभी नवनियुक्त सदस्यों ने एकजुट होकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। सभी ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

### इंटर-कॉलेज खेल स्पर्धाओं का शेड्यूल जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के खेल निदेशालय ने सत्र 2025-26 के लिए इंटर-कॉलेज खेल प्रतियोगिताओं का शेड्यूल जारी कर दिया है। खेल निदेशक एवं सचिव, एमडीयू स्पोर्ट्स काउंसिल डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने बताया कि महिला वर्ग की इंटर-कॉलेज फुटबॉल प्रतियोगिता 1 व 2 फरवरी को पं. एनआरएस कॉलेज रोहतक में व महिला नेटबॉल प्रतियोगिता 1 व 2 फरवरी को एमडीयू स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी। वहीं पुरुष वर्ग की इंटर-कॉलेज हैंडबॉल प्रतियोगिता 4 व 5 फरवरी को जाट कॉलेज, रोहतक में कराई जाएगी। इंटर-कॉलेज ताइक्वांडो प्रतियोगिता 10 से 12 फरवरी तक होगी।

## एमडीयू में रूसी कलाकारों ने दिया पेंसिल पोर्ट्रेट का लाइव डेमोंस्ट्रेशन



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के दृश्य कला विभाग में अंतरराष्ट्रीय कला संवाद का विशेष आयोजन हुआ। इस अवसर पर रूस से आए कलाकार अलेक्जेंडर और उनकी पत्नी अन्ना ने विद्यार्थियों के साथ चार विशेष सत्र आयोजित किए। कार्यक्रम के दौरान दोनों कलाकारों ने पेंसिल पोर्ट्रेट विषय पर लाइव डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किया। कलाकार अलेक्जेंडर ने रेखा संयोजन, अनुपात, प्रकाश-छाया व चेहरे की अभिव्यक्ति को प्रभावी ढंग से उभारने की सूक्ष्म तकनीकों को व्यावहारिक रूप से समझाया। कलाकारों ने रूसी कला परंपरा, यूरोपीय शास्त्रीय कला और आधुनिक दृश्य कला के विकास क्रम को उदाहरणों सहित विद्यार्थियों के साथ साझा किया। संवादात्मक सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय कला शिक्षा, तकनीकी अभ्यास और कलाकार जीवन से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका दोनों कलाकारों ने सहजता से उत्तर दिया। दृश्य कला विभाग के अध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय कला संवाद विद्यार्थियों को वैश्विक कला दृष्टि प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## बोर्ड परीक्षा नजदीक... मोबाइल से दूरी और स्टडी प्लान पर जोर दें विद्यार्थी

**नोट्स बनाकर क्लियर करें डाउट, सैंपल पेपर हल करें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

परीक्षाएं सिर पर हैं, ऐसे में छात्रों की बेचैनी बढ़ना स्वभाविक है। फरवरी माह में शुरू होने वाली 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा देने के लिए छात्र दिन-रात तैयारी में जुटे हुए हैं। ऐसे में अध्यापकों की सलाह है कि विद्यार्थी संतुलित खाना खाएं। तनाव को दूर करने के लिए योग व मेडिटेशन करें। परीक्षा से पहले भरपूर नींद लेना जरूरी है। परीक्षा शुरू होने में बहुत कम समय बचा है। ऐसे में सभी विद्यार्थियों के लिए जरुरी है वो स्टडी शेड्यूल बनाकर तैयारी करें।



कुसुम



अजीता

- परीक्षा के समय तनाव की स्थिति को दूर करने के लिए विद्यार्थी योग व मेडिटेशन का लें सहारा
- रोज नए लक्ष्य निर्धारित करके मेहनत करें

### मानसिक स्थिति के साथ स्वास्थ्य भी जरूरी

किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए सही मानसिक स्थिति के साथ-साथ स्वस्थ रहना भी जरूरी है। अच्छी तरह से आराम करें। डाइट बैलेंस्ड रखकर नियमित रूप से एक्सरसाइज करते रहे। ऐसे में एनर्जेटिक और इंस्पायर्ड महसूस करेंगे। छात्रों को चाहिए कि नोट्स बनाएं, डाउट क्लियर करें और बार-बार रिवीजन जरूरी है। हमेशा पॉजिटिव रहकर सैंपल पेपर हल करें। इसके अतिरिक्त पिछले साल के पेपर को हल करें। परीक्षा में बिल्कुल तनावमुक्त होकर जाएं। परीक्षा में जाने से पहले अच्छा खाना खाकर जाएं। परीक्षा की तैयारी के लिए अध्ययन कार्यक्रम का स्टडी शेड्यूल बनाना, ब्रेक लेना और शांत रखने वाली तकनीकों का अभ्यास करके तनाव से बचा जा सकता है।
**अजीता, अध्यापिका पीएमश्री जीजीएसएसएस स्कूल मॉडल टाउन**

### हर सब्जेक्ट के लिए टाइम टेबल बनाकर तैयारी करना जरूरी

छात्र अक्सर सिलेबस को देखकर और समय निकालने से घबरा जाते हैं। ऐसे में हर सब्जेक्ट के लिए एक शेड्यूल या टाइम टेबल बनाना जरूरी है। अपने लिए रोज लक्ष्य निर्धारित करें। अपने इंटरेस्ट और तैयारी के आधार पर सब्जेक्ट्स को प्राथमिकता दें। सबसे पहले अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें, क्योंकि अगर बीमार हो गए तो पढ़ नहीं पाएंगे। बच्चों को सलाह दे रही हूं कि संतुलित खाना खाएं व तनाव को दूर करने के लिए योग व मेडिटेशन करें।
**कुसुम, अध्यापिका, पीएमश्री जीजीएसएसएस स्कूल मॉडल टाउन**

## महम मिल में एक साल में हुए कई सुधार, सहकारिता मंत्री ने दिया प्रशंसा पत्र

# मिल में 13 साल गड्ढे में पड़ा रहा शीरा, अब 80 लाख रुपये में बेचा

*सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मुकुंद तंवर हुए सम्मानित*

- गन्ना का क्षेत्रफल बढ़ा, खर्चा घटा मुनाफा बढ़ा, 43 लाख 24 हजार का स्क्रेप बेचा
- गुड़ बेचने के लिए एग्री बाजार और एनईएमएल का लाभ उठाया

राज कुमार नरवाल ▶▶| महम

दी महम कॉऑप्रेटिव शुगर मिल्स लिमिटेड महम में फरवरी 2013 में शीरा का एक बड़ा टैंक फट गया था। टैंक फटते ही भारी मात्रा में शीरा मिल परिसर में बिखर गया था। वहां पर एक गड्ढा खोदा गया। खराब शीरा बहकर उस गड्ढे में चला गया। यह शीरा किसी काम का नहीं था। खुले गड्ढे में बेकार पड़े इस शीरे पर 13 साल तक बारिश होती रही और गर्मी सर्दी के मौसम में यह ऐसी ही खुला पड़ा रहा। मिल में इस दौरान कई एमडी आए। लेकिन किसी ने इस बेकार शीरे की सुध नहीं ली। यह शीरा ऐसे ही पड़ा रहा। फरवरी 2025 में मिल में एचसीएस अधिकारी मुकुंद तंवर ने मिल के प्रबंध निदेशक का कार्यभार संभाला। उन्होंने मिल को घाटे से उबारने के लिए कई छोटे छोटे प्रयास शुरू किए। यही वजह है कि इस बार के जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने मिल प्रबंधन को एक प्रसंशा पत्र प्रदान किया है। यह प्रशंसा पत्र मिल के मुख्य लेखाकार आनंद बामल ने प्राप्त किया है। महम चीनी मिल के एमडी मुकुंद तंवर ने इसके लिए महम चीनी मिल के सभी कर्मचारियों को इसके लिए बधाई दी है। कहा है कि यह सब मिल के कर्मचारियों की अथक मेहनत और उनके सहयोग से ही संभव हो पाया है। महम चीनी मिल के सुप्रीटेंडेंट विरेंद्र रोहिल्ला ने बताया कि जिस दिन से एचसीएस मुकुंद तंवर को मिल के प्रबंध निदेशक की जिम्मेवारी मिली थी, उसी दिन से मिल में बदलाव होने शुरू हो गए थे। मिल परिसर में बेकार पड़े कचरे/ स्क्रैप की बिक्री के माध्यम से न केवल निष्क्रिय संसाधनों का उपयोग हुआ है। ऑफ सीजन में कम मेन पावर का प्रयोग मिल हित में कारगर साबित हुआ।



**महम।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा से मिल का प्रशंसा पत्र प्राप्त करते महम चीनी मिल के मुख्य लेखा अधिकारी आनंद बामल।

### गड्ढे से निकला 5500 क्विंटल शीरा

स्मार्ट मैनेजमेंट को उन्होंने अपना हथियार बनाया। शीरा, अन्य उत्पाद और स्क्रेप आदि को थोडी थोड़ी मात्रा में अधिक कीमत पर बेचने के लिए ऑन लाइन प्लेटफार्म का सहारा लिया। उन्होंने देखा कि मिल में एक गड्ढे में बहुत अधिक मात्रा में खराब शीरा पड़ा हुआ है। उस शीरे की टेस्टिंग करवाई गई। जिससे पता चला कि यह शीरा जानवरों और मनुष्यों के प्रयोग के लायक नहीं है। मुकुंद तंवर ने खाद्य पदार्थ बनाने वाली फैक्टरियों की बजाए ऐसे उदयोगों में संपर्क किया जिनमें इस शीरे का उपयोग किया जा सके। गड्ढे में 5500 क्विंटल शीरा निकला। जिसको 80 लाख रुपए कीमत में बेचा गया। मिल प्रबंधन की स्मार्ट मैनेजमेंट का नतीजा यह रहा कि चार महीने बिना कर्ज लिए ही मिल का खर्च चलाया गया।

### चीनी मिल के 8 करोड़ रुपये बचाए : मुकुंद तंवर



**मुकुंद तंवर।** एमडी शुगर मिल महम।

एमडी मुकुंद तंवर ने बताया कि पिछले पेराई सत्र की तुलना में नए पेराई सत्र के दौरान 8 करोड़ रुपए की बचत की गई। गन्ना किसानों को समय पर पेमेंट की जा रही है। वर्तमान पेराई सत्र में 10 जनवरी तक किसानों को 17 करोड़ 7 लाख रुपए की अदायगी की जा चुकी है। सबसे महंगा शीरा बेचने में कुछ महीने में वे पहले और दूसरे स्थान पर रहे हैं। पहले मिल 8वीं रैंकिंग पर होता था। मिल की 15 एकड़ कृषि भूमि 17773 रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से ठेके पर दी जाती थी। अब यह जमीन 35 हजार रुपए प्रति एकड़ प्रतिवर्ष के हिसाब से दी गई है।

### 13 हजार 3 एकड़ में हुआ गन्ना उत्पादन

35 साल में यह दूसरा मौका था, जब कुछ महीने बिना कर्ज के ही खर्च चलाया गया। पिछले एक साल में अनेक सुधार हुए हैं। पिछले पेराई सत्र से लेकर इस बार के गन्ना पेराई सत्र तक मिल में अनेक सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं। जिसका नतीजा यह रहा कि मिल का खर्चा घटकर कम हो गया और लाभांश बढ़ गया है। पेराई सत्र 2024-25 की तुलना में 2025-26 में गन्ना क्षेत्रफल बढ़ गया है। सत्र 2024-25 में 12 हजार 155 एकड़ में गन्ने उगाया गया था। जबकि इस बार के पेराई सत्र में 13 हजार 3 एकड़ भूमि में गन्ना उत्पादन किया गया है। गन्ना किसानों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 1009 से बढ़कर 1201 हो गई है। मिल ने 43 लाख 24 हजार रुपए का स्क्रैप बेचा है।

## मॉडल गांव के रूप में विकसित होगा माडौदी



**रोहतक।** लघु सचिवालय में कृषि, बागवानी, मत्स्य पालन एवं पशुपालन विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक लेते डीसी सचिन गुप्ता ।

**रोहतक।** डीसी सचिन गुप्ता ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि माडौदी जाटान गांव को मॉडल गांव के रूप में विकसित करने के लिए एक समग्र कार्ययोजना तैयार की जाए। ताकि आजीविका के विविधीकरण और कृषि से जुड़े सहायक व्यवसायों को अपनाकर ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। उपायुक्त बुधवार को लघु सचिवालय में कृषि, बागवानी, मत्स्य पालन एवं पशुपालन विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ अतिरिक्त आय सृजन करने वाली गतिविधियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके।

## भय के साये में परिवार पुलिस सुरक्षा की गुहार

**शराब पीने से रोका तो दो भाइयों पर किया था जानलेवा हमला**

**15 दिनों से गांव नहीं गए दोनों भाई, पड़ोसी भी डरे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले के ब्लॉक लाखनमाजरा के गांव खरक जाटयान में नहरी पानी लगाने के दौरान दो सगे भाइयों पर हुए जानलेवा हमले ने स्थानीय लोगों को हड़कंप में डाल दिया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि उन्हें अभी भी आरोपियों से जान का खतरा है। अब वे पुलिस सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। घायल मंजीत ने बताया कि वह अपने भाई जयदीप के साथ खेत में नहर का पानी लगाने गया था। तभी कुछ लोग खेत में शराब पी रहे थे। आरोपियों ने उन्हें देखते ही गाली-गलौच शुरू कर दी और उनकी तरफ बढ़ने लगे। मंजीत ने इस दौरान अपने फोन में ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू की। इसी बीच आरोपियों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। मंजीत ने बताया कि आरोपियों ने पहले भी उनके परिवार पर हमला किया था। उस समय आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया ।

### परिवार को मिल रही लगातार धमकियां

मंजीत ने बताया कि हमले के बाद आरोपी उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। आरोपियों की ओर से केस के समझौते का दबाव भी डाला जा रहा है। ऐसे में पीड़ित परिवार सुरक्षा के लिहाज से गंभीर रूप से परेशान है। मंजीत ने कहा कि अस्पताल से छुट्टी मिलने के बावजूद वह पिछले 15 दिनों से अपने गांव नहीं गए, क्योंकि उन्हें और उनके परिवार को लगातार जान का खतरा महसूस हो रहा है।

## शोध गतिविधियों का वीसी ने किया निरीक्षण



**रोहतक।** माइक्रोबायोलॉजी विभाग का दौरा करते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह।

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बुधवार को माइक्रोबायोलॉजी विभाग का दौरा कर शोध गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान चांसलर नॉमिनी गणपत राय अग्रवाल विशेष रूप से साथ रहे। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने विभाग की ओर से किए जा रहे शोध प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शोध कार्य विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने विभाग की एमएससी शिक्षण प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया। उन्हें विश्वविद्यालय के अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र की विस्तृत जानकारी दी गई। विभाग की अध्यक्ष डॉ. पूजा सुनेजा ने बताया कि विभाग में स्थापित अत्याधुनिक डीएसटी-फिस्ट प्रयोगशाला में गैस क्रोमैटोग्राफी उच्च क्षमता वाले उपकरण उपलब्ध हैं।

**विडंबना** साल 2019 में 20260 ने कराया था बीमा, 2025 में संख्या घटकर 4572 हुई

# समय पर भुगतान नहीं, फसल बीमा योजना से मोहभंग

- जिले में 91 हजार से अधिक किसान, 6 साल में एक चौथाई रह गए योजना का लाभ उठाने वाले, किसानों में छाई मायूसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

जिले में फसल बीमा योजना से किसानों का मोहभंग हो गया है। इसकी वजह है बीमा दावों के निपटान में देरी, क्रॉप कटिंग डेटा में गड़बड़ियां और बीमा कंपनियों की मनमानी आदि-आदि हैं। वर्ष 2019 में जहां 20260 किसानों ने फसल बीमा कराया था, वहीं खरीफ 2025 में 4572 किसान योजना में शामिल हुए। आपदा के समय फसल नुकसान होने पर किसानों को मुआवजा मिल सके, इसके लिए फसल बीमा योजना संचालित हो रही है। फसल बीमा के लिए किसानों को आवेदन करना होता है। जिले के किसान फसल बीमा योजना के प्रति दिलचस्पी नहीं दिखा रहे। जिले में 91 हजार से से अधिक किसान खेती-किसानी से जुड़े हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के मुताबिक खरीफ 2019 में 20260 ने , 2020 में 23684 , 2021 में 14521 , 2022 में 11589, 2023 में 3000, 2024 में 3884 और रबी 2024-25 में 4572 किसानों ने बीमा कराया। किसानों के मुताबिक योजना में कई खामियां है। पीड़ित किसानों को बीमा कंपनियां समय से फसलों के नुकसान की भरपाई नहीं करती। फसल में नुकसान ज्यादा होता है और बीमा कंपनी भरपाई कम करती है। इतना ही नहीं किसानों के साथ फर्जीवाड़ा तक किया जाता है। गांव भाली आनंदपुर के किसान वजीर सिंह के साथ हुई धोखाधड़ी को देखा जा सकता है। इन्होंने खरीफ 2021 सीजन में बाजरा फसल का बीमा करवाया। साल 2022 में भैयापुर गांव के जोरादास और समरगोपालपुर के जोगिंद सिंह की फसल बेमौसमी बरसात से तबाह हो गई। लेकिन किसानों को एक साल बाद कंपनी ने नुकसान की भरपाई की थी।

### आवेदन तिथि बढ़ाई, फिर भी दिलचस्पी नहीं

फसल बीमा योजना को लेकर प्रचार-प्रसार कराया जाता है। आवेदन की तिथियों को भी बढ़ाया जाता है। इसके बाद भी योजना का लाभ लेने में किसान दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। यही कारण है कि साल दर साल बीमा कराने वाले किसानों की संख्या कम हो रही है। किसानों को होने वाले नुकसान का सही मुआवजा मिल सके। इसको लेकर फसल बीमा योजना का आवेदन कराए जाने की अपील की जाती है। इसके बाद भी लोग योजना का लाभ नहीं ले रहे हैं। हर सीजन में कृषि विभाग की तरफ से गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाया जाता है। किसान सभाओं, चौपालों और सहकारी समितियों के माध्यम से बीमा योजना की शर्तों, प्रीमियम दरों और मुआवजा प्रक्रिया की जानकारी दी जाती है।

## खबर संक्षेप

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अवध हाउस प्रथम



**रोहतक।** प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**रोहतक।** गौकर्ण रोड स्थित एमएस सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और ज्ञानवर्धन के उद्देश्य से अंतर-सदन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान, सामाजिक विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी और विज्ञान से जुड़े रोचक व ज्ञानवर्धक प्रश्न पूछे गए, जिनका विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों अग्नि, अवध, अंबर और अक्षि के कक्षा तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नन्हे प्रतिभागियों ने त्वरित सोच, टीमवर्क और विषयगत समझ का शानदार प्रदर्शन किया। कनिष्ठ वर्ग (कक्षा 3 से 5) में अवध हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अक्षि हाउस दूसरे, अग्नि हाउस तीसरे और अंबर हाउस चौथे स्थान पर रहा।

### गुरुद्वारा सोमा शाह में शब्द कीर्तन



रोहतक। शब्द कीर्तन में सुनते भक्तजन।

रोहतक। डीएलएफ कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा बाबा सोमा शाह में धन-धन अमर शहीद बाबा दीप सिंह के जन्म दिहाड़े को समर्पित एक विशाल कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। मगलवार देर रात्रि 07:00 बजे से 10:00 बजे तक सजे इस दीवान में भारी संख्या में संगत ने हाजिरी भरी और गुरु चरणों में नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक समागम की शुरुआत गुरुबाणी के मधुर कीर्तन से हुई। कार्यक्रम में हजूरी रागी बीबी मनजोत कौर ने अपनी रसमय वाणी से संगत को गुरु चरणों से जोड़ा। दीवान की समाप्ति पर सरबत के भले की अरदास की गई, जिसके उपरांत गुरु का अटूट लंगर बरताया गया।

### प्री-बोर्ड परीक्षार्थियों के समय प्रबंधन की दी सीख



**रोहतक।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर में खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की चल रही प्री-बोर्ड परीक्षाओं की व्यवस्थाओं की जांच की तथा परीक्षा संचालन की प्रक्रिया का जायजा लिया। खंड शिक्षा अधिकारी ने छठी से बारहवीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई की तैयारी के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने विशेष रूप से समय प्रबंधन पर बल देते हुए कहा कि यह समय विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और नियमित अभ्यास, एकाग्रता तथा अनुशासित दिनचर्या से ही सफलता सुनिश्चित की जा सकती है।

### गाजे-बाजे व भक्तिभाव से निकाली कलश यात्रा



**रोहतक।** कलश यात्रा का शुभारंभ करते महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज व गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी और भक्तजन। फोटो : हरिभूमि

**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां साध्वी गायत्री की कृपा से 5 दिवसीय 25वां वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में पहले दिन बुद्धवार को भक्तिभाव के साथ कलश यात्रा निकाली। यात्रा में गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी सहित भक्तजनों ने आकर्षित वेशभूषा पहनकर सिर पर गंगारूपी मंगल कलश रखकर और मंगल गीत गाकर, गाजे-बाजे व बैंड बाजों की धुन पर यात्रा में भक्तों ने भजन-कीर्तन पर झूमते हुए भक्ति के प्रति अपनी आस्था जताई। वहीं श्रद्धालुओं ने जय जयकार के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पंडित अशोक शर्मा ने आरती की व प्रसाद वितरित किया। यह जानकारी सचिव गुलशन भाटिया ने दी। भक्तजनों ने उपआचार्य स्वामी कपिल पुरी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### वैश्य कॉलेज में लाजपत राय की जयंती मनाई

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय में बुधवार को महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक एवं पंजाब केसरी के नाम से विख्यात लाला लाजपत राय की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में एक संक्षिप्त लेकिन गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फूल सिंह यादव ने अपने वक्तव्य में लाला लाजपत राय के राष्ट्रवादी विचारों, शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता तथा युवाओं के लिए उनके प्रेरणादायी योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लाला लाजपत राय का जीवन साहस, त्याग और देशभक्ति का प्रतीक है, जिससे आज की युवा पीढ़ी को निरंतर प्रेरणा मिलती है।
डॉ. संजय गुप्ता ने कहा कि लाला लाजपत राय ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी और सामाजिक चेतना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## खबर संक्षेप



### गोबिंद राम सिंघल जन सेवा के लिए सम्मानित

**रोहतक।** मानव सेवा संघ हस्पताल के संस्थापक गोबिंद राम सिंघल को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर हरियाणा सरकार के सहकारिता मंत्री अरविन्द शर्मा ने राजीव गांधी स्टेडियम में उनके द्वारा की गई सेवाओं जैसे गरीब, अनाथ तथा असहाय व्यक्ति की सेवा आदि के लिए सम्मानित किया।

### इंटर कॉलेज क्रॉस कंट्री चैम्पियनशिप आज

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में इंटर कॉलेज क्रॉस कंट्री (पुरुष एवं महिला) चैम्पियनशिप का आयोजन वीरवार को प्रातः 7 बजे विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ी भाग लेंगे। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह बतौर मुख्यातिथि इस खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक खेल डॉ. शकुंतला बेनीवाल करेंगी।

### जीडी गोयंका टॉडलर हाउस में हुई अंग्रेजी सुलेख स्पर्धा

**रोहतक।** जीडी गोयंका टॉडलर हाउस सनसिटी सेक्टर-35 में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और सुंदर लिखावट को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय की प्रिंसिपल अनामिका बल्हारा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता केवल एक प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि बच्चों के लिए अक्षरों से दोस्ती करने, एकाग्रता बढ़ाने और आत्मविश्वास विकसित करने का एक आनंददायक अवसर है। यह प्रतियोगिता 14 फरवरी को विद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी।

### ऑफिसर एंट्री के लिए 6 विद्यार्थी-परिजन सम्मानित

**रोहतक।** एमडीयू में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू के तत्वावधान में संचालित यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत जनवरी में अधिकारी प्रवेश (ऑफिसर एंट्री) के लिए अनुशंसित 6 विद्यार्थियों व उनके परिजनों को कुलपति प्रो. राजबीर सिंह लोहान ने सम्मानित किया। इन विद्यार्थियों में शिवम (एनडीए एंट्री, बेंगलुरु बोर्ड – सांख्यिकी विभाग, एमडीयू), संजीत (एनसीसी स्पेशल एंट्री, बेंगलुरु बोर्ड, गणित विभाग, एमडीयू), दीपाली (एनडीए एंट्री, भोपाल बोर्ड, पं. एन.आर.एस. राजकीय कॉलेज, रोहतक), भारत हुड्डा (एनडीए एंट्री, बेंगलुरु बोर्ड), रक्षित (एनडीए एंट्री, इलाहाबाद बोर्ड) तथा जयेश (एनडीए एंट्री, भोपाल बोर्ड) शामिल हैं।

### रणजी ट्रॉफी एलीटः बंगाल और हरियाणा का मैच आज

**रोहतक।** रणजी ट्रॉफी एलीट का दूसरा चरण 22 जनवरी से शुरू हो चुका हैं। वीरवार से हरियाणा व बंगाल के बीच मुकाबला शुरू होगा। यह मैच चौधरी बंसीलाल स्टेडियम लाहली में खेला जाएगा।

### 3 से 25 अप्रैल तक थाईलैंड में होगी स्पर्धा, रोहतक के 3 खिलाड़ी चुने गए

# एशियन आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप में दमखम दिखाएंगे म्हारे छह खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

प्रदेश के 6 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता 23 से 25 अप्रैल तक थाईलैंड में आयोजित की जाएगी। इसमें तीन खिलाड़ी रोहतक से, दो झज्जर से और एक खिलाड़ी गुरुग्राम से हैं। दीक्षा, जिया व हिमांक रोहतक जिले के हैं। दीपांशु व यतिन झज्जर के और युग गुरुग्राम जिले से हैं। कोच प्रेम ने सभी खिलाड़ी को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके प्रदेश का नाम रोशन किया हैं। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने की भी सलाह दी।

**जानिए... प्रदेश के इन होनहार खिलाड़ियों का संक्षिप्त परिचय**



वर्ष 2025 में जिला स्तरीय प्रतियोगिता, राज्यस्तरीय और नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। वर्ष 2024 में छोटे भाई हर्ष से प्रेरित होकर खेलना शुरू किया था। पिता सुरेंद्र किसान हैं व मां पूनम गृहिणी हैं। जिले के गांव रिटौली की निवासी हूं। - **दीक्षा, खिलाड़ी**



मस्तनाथ नगर की निवासी हूं। पिता परविंद्र ड्राइवर हैं व मां सुनीता गृहिणी हैं। 2024 में खेलना शुरू किया। 2024 व 2025 में जिला, राज्य व नेशनल लेवल पर स्वर्ण पदक जीते। 2024 में ओपन नेशनल में स्वर्ण पदक जीता। 2024-25 में साउथ एशियन चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता। - **जिया, खिलाड़ी**



फरवरी 2024 में खेलना शुरू किया। 2024 जिला व राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक जीता। 2024 में नेशनल लेवल पर रजत पदक जीता। 2024 में ओपन नेशनल में स्वर्ण पदक जीता। वर्ष 2025 में जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीता। मस्तनाथ नगर में रहता हूं। -**हिमांक, खिलाड़ी**

पिता भीम सिंह बिजनेसमैन हैं। 2025 में जिला स्तरीय प्रतियोगिता, राज्यस्तरीय और नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। 2025 में साउथ एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। गुरुग्राम का निवासी हूं। - **युग, खिलाड़ी**



झज्जर जिले का निवासी हूं। पिता रवि गुलिया किसान हैं व मां सुनिता गृहिणी हैं। 2024 में जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीता। 2024 में ही ओपन नेशनल व साउथ एशियन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। 2025 में जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीता। - **दीपांशु, खिलाड़ी**



2025 में जिला स्तरीय प्रतियोगिता, राज्यस्तरीय और नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। वर्ष 2024 में खेलना शुरू किया था। झज्जर जिले का निवासी हूं। पिता होशियार सिंह किसान हैं व मां पूनम गृहिणी हैं। - **यतिन, खिलाड़ी**



## केसीएल में रोहतक रॉयल्स ने फरीदाबाद फाइटर्स की टीम को 38–24 से हराया

**रोहतक।** एड्रॉइट स्पोर्ट्स एलएलपी के स्वामित्व वाली रोहतक रॉयल्स, जो रोहतक शहर का प्रतिनिधित्व करती है, ने कबड्डी चैंपियंस लीग (केसीएल) के अपने दूसरे मुकाबले में फरीदाबाद फाइटर्स पर 38–24 की दमदार जीत दर्ज की। सीजन के पहले मैच में करनाल किंग्स से करीबी हार के बाद रॉयल्स ने इस मुकाबले में आक्रमण और रक्षा, दोनों में बेहतरीन सामूहिक प्रदर्शन किया।

मिलन दहिया ने लगातार दूसरे मैच में सुपर 10 पूरा करते हुए 12 अंकों के साथ मैच के शीर्ष स्कोरर रहे और उन्हें रेडर ऑफ द मैच चुना गया । अंकित राणा ने छह अंकों का योगदान दिया, जबकि संदीप देशवाल, आर्यन और नवीन ने चार-चार अंक जोड़कर रॉयल्स की प्रभावशाली जीत में अहम भूमिका निभाई। रोहतक रॉयल्स अपना अगला मुकाबला 30 जनवरी को हिसार हीरोज़ के खिलाफ खेलेंगे।

मैच में फरीदाबाद फाइटर्स ने पहले बढ़त बनाते हुए शुरुआती दो अंकों की बढ़त हासिल की। हालांकि, रोहतक रॉयल्स ने जल्द ही जवाब देते हुए अपने रेडर्स और डिफेंडर्स के तालमेल से सातवें मिनट तक 6–4 की बढ़त बना ली। इसके बाद फरीदाबाद फाइटर्स ने



रोहतक। मिलन दहिया को रेडर ऑफ द मैच के खिताब से सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

वापसी कर फिर से बढ़त हासिल की, लेकिन रॉयल्स की डिफेंस ने मैट पर मजबूती दिखाई। अनुशासन और जुझारूपन का प्रदर्शन करते हुए डिफेंडर्स ने न केवल ऑल-आउट से बचाव किया, बल्कि विपक्षी रेडर्स की रफ्तार भी थामे रखी, जिससे अंतर ज्यादा नहीं बढ़ सका। नतीजतन, पहला हाफ फरीदाबाद फाइटर्स के 13–11 की मामूली बढ़त के साथ समाप्त हुआ।

दूसरे हाफ की शुरुआत रोहतक रॉयल्स ने शानदार अंदाज़ में की और लगातार अंक लेकर अंतर कम किया। अंत में रोहतक रॉयल्स ने फरीदाबाद फाइटर्स पर 38–24 की शानदार जीत दर्ज की।


रोहतक। मटका दौड़ में भाग लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### मटका दौड़ में अमिता ने हासिल किया पहला स्थान

रोहतक। गणतंत्र दिवस पर बालंद गांव में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें गांव के युवाओं व महिलाओं ने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। लड़कियों की 400 मीटर दौड़ में रिया प्रथम, सायना द्वितीय व मुस्कान तृतीय रही। मटका दौड़ में अमिता पहले, सोनिया दूसरे और भारती तीसरे स्थान पर रहीं। मुख्य अतिथि बालंद के डेरे से बाबा पवन नाथ ने विजेताओं को नकद पुरस्कार व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मटका दौड़, रस्साकशी और कबड्डी के पारंपरिक खेलों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अंडर-12 आयुवर्ग की 400 मीटर रेस में साहिल ने प्रथम, यश ने द्वितीय एवं यश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कों की 800 मीटर रेस में युवराज ने प्रथम, इशांत ने द्वितीय एवं अरमान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कों की 1600 मीटर दौड़ में अंशुल ने प्रथम, नवीन ने द्वितीय एवं गोलू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर रिले रेस में यश, युवराज, अरमान एवं विशाल ने प्रथम, वंश, इशांत, यश व रोहित ने द्वितीय एवं रोहित, देव, यश एवं आर्यन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## न्यूज डायरी

### ऑल इंडिया वॉर स्पोर्ट्स क्रिकेट टूर्नामेंट में छात्र परिक्षित ने जीता मैन ऑफ द मैच का खिताब




**रोहतक।** भिवानी में आयोजित 29वीं ऑल इंडिया वॉर स्पोर्ट्स क्रिकेट टूर्नामेंट (अंडर-16) के अंतर्गत एवी-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में इंटरनेशनल भारती स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्र परिक्षित ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। देशभर से आई मजबूत टीमों के बीच हुए कड़े मुकाबलों में परिक्षित ने अपने शानदार खेल से सभी का ध्यान आकर्षित किया और मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। मैच के दौरान परिक्षित ने बेहतरीन बल्लेबाजी और गेंदबाजी (आवश्यकतानुसार) का प्रदर्शन करते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। दबावपूर्ण परिस्थितियों में उसके संयम, तकनीक और खेल के प्रति समर्पण की खेल विशेषज्ञों व दर्शकों ने सराहना की। उसकी इस उपलब्धि से न केवल टीम का मनोबल बढ़ा, बल्कि विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिली। विद्यालय के चेयरमैन अमरजीत सिंह दुल ने परिक्षित की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि खेलों में ऐसी सफलताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रमाण हैं और विद्यालय भविष्य में भी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग प्रदान करता रहेगा।



### शिक्षा भारती विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

**रोहतक।** शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना रोड में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 बजे विद्यालय परिसर में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद, मानसरोवर शाखा रोहतक के प्रतिनिधियों द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात सभी उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत और वंदना ने कार्यक्रम को और भी भावपूर्ण बना दिया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, कविता पाठ और लघु नाटिका के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और संविधान के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने संविधान के मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। विद्यालय अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा एवं अन्य प्रबंध समिति सदस्यों ने भी अपने विचार रखे और अनुशासित आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



### एचएम पब्लिक स्कूल में कानूनी सहायता की जानकारी दी

**रोहतक।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर एचएम पब्लिक स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डीएलएसए के चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल मुकेश कुमार द्वारा ध्वजारोहण से हुई। इसके पश्चात रामगोपाल कॉलोनी व सोनीपत रोड से होकर जागरूकता मार्च पास्ट निकाला गया, जिसमें विद्यार्थियों ने कानून, शिक्षा व अधिकारों से जुड़े नारे लगाए। सेमिनार में डीएलएसए प्रतिनिधि राजबीर कश्यप ने निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन उप-प्राचार्या सोनिया रानी ने किया।



### विज्ञान प्रश्नोत्तरी में ब्रेन बंच की टीमें रहीं प्रथम

**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल में कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना, उनकी जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना तथा तार्किक सोचने की क्षमता का विकास करना था। प्रतियोगिता को बच्चों के लिए मनोरंजक और सीखने योग्य बनाने हेतु कुल पांच चरणों में प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों को छह टीमों टैक टाइटेन, ब्रेन बंच, डिस्कवरी डायनामोस, साइंस सिनर्जिस्ट्स, ब्रेन वेव्ज तथा लैब विजार्ड्स में विभाजित किया गया। प्रतियोगिता का संचालन रेणू राठी एवं पूजा रोहिल्ला द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। परिणामों के अनुसार कक्षा 1 में ब्रेन बंच ने प्रथम, ब्रेन वेव्ज ने द्वितीय तथा लैब विजार्ड्स ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 2 में ब्रेन बंच प्रथम, लैब विजार्ड्स द्वितीय तथा टैक टाइटेन तृतीय स्थान पर रहे।

## सीके नायडू ट्रॉफी की मेजबानी रोहतक को

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

जिले के खेल प्रेमियों के लिए भी खुशी की खबर है। रोहतक के चौधरी बंसीलाल स्टेडियम लाहली को सीके नायडू ट्रॉफी की मेजबानी मिली है। सीके नायडू ट्रॉफी के लाहली में दो मैच खेले जाएंगे। पहला मुकाबला 6 से 9 फरवरी तक हरियाणा और मुंबई के बीच खेला जाएगा। वहीं, दूसरा मुकाबला हरियाणा व राजस्थान के बीच 13 से 16 फरवरी तक खेला जाएगा। दोनों मुकाबले सुबह 9:30 बजे शुरू होगे। इसके बाद 21 फरवरी के सीके नायडू ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले शुरू होंगे। बंसीलाल स्टेडियम में बहुत की रोमांचक मुकाबले होते हैं।

**लाहली की पिच से गेंदबाजों को मिलती है अच्छी मदद**

लाहली मैदान की पिच की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह अक्सर गेंदबाजों को अच्छी मदद देती है। अतिरिक्त उछाल , मूवमेंट और स्पीन गेंदबाजों की गेंद यहां पर अच्छी घूमती है। इसके कारण यहां आमतौर पर कम रन बनते हैं जिससे हर मैच में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलती है। पिच का तेज स्वभाव बल्लेबाजों के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करता है। वहीं, गेंदबाजों को यह पिच अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती है। रणजी ट्रॉफी, कूच बिहार ट्रॉफी व महिला अंडर-23 ट्रॉफी में पिच अपना रंग दिखा चुकी है। सभी ट्रॉफी में रन कम बने थे व बल्लेबाज संघर्ष करते हुए नजर आए थे।

**प्रदेश की टीम में खेल रहे रोहतक के खिलाड़ियों को मिलेगा घरेलू मैदान होने का फायदा**

हरियाणा की टीम में रोहतक जिले के कई खिलाड़ी खेल रहे हैं। इनमें प्रथम सिंधवानी, विवेक कुमार, पीयूष दहिया, ईशांत भारद्वाज व आशीष सिवाच है। सभी खिलाड़ियों को घरेलू मैदान होने का फायदा मिलेगा। ईशांत ने विजय हजारे ट्रॉफी में भी शानदार प्रदर्शन करके टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है।

## जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल के 25 विद्यार्थियों ने 77 मिनट लगातार स्केटिंग का बनाया कीर्तिमान

- सुरक्षा मानकों के साथ प्रशिक्षकों की निगरानी में खेलो भारत बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुई ऐतिहासिक उपलब्धि

रोहतक। जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में हॉस्टल में निवासरत विद्यार्थियों के लिए एक भव्य एवं रोमांचक स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, शारीरिक दक्षता, अनुशासन एवं आत्मविश्वास का विकास करना था। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपनी गति, संतुलन और कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण तब रहा जब विद्यालय के 25 हॉस्टल विद्यार्थियों ने लगातार 77 मिनट तक निरंतर स्केटिंग कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। विद्यार्थियों के इस अद्भुत



प्रदर्शन को खेलो भारत बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। प्रतियोगिता के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा गया और प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को निरंतर मार्गदर्शन दिया गया। इस उपलब्धि में विद्यालय के स्केटिंग प्रशिक्षक कोच शिव का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के निदेशक विक्रांत मायना एवं सान्या मायना ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

### हसनगढ़ गांव में गिराए अवैध पक्के निर्माण

**रोहतक।** नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्रों में अवैध रूप से किये जा रहे निर्माणों/कालोनियों पर अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को हसनगढ़ में दो एकड़ में 2 अवैध निर्माण और 1 चारदीवारी गिराई। इस अभियान में डीटीपी कार्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तोड़ फोड़ अमले के साथ मौजूद रहा।

### आदर्श स्कूल मदीना में बताया राष्ट्रीय एकता का महत्व



**महम।** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मदीना में गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसके पश्चात सामूहिक राष्ट्रगान हुआ। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीतों एवं भाषणों की प्रस्तुति दी गई। कविता एवं भाषण प्रदर्शन का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी जनों को देशप्रेम की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। विद्यालय की शैक्षणिक सलाहकार मधुमती द्वारा विद्यार्थियों को भारतीय संविधान, स्वतंत्रता सेनानियों तथा राष्ट्रीय एकता के महत्व से अवगत कराया गया।

### पीजीआई को नियमित निगरानी से काला पीलिया का संक्रमण रोकने में मिली कामयाबी

# 500 गर्भवती महिलाओं में से सिर्फ एक के नवजात में पहुंचा हेपेटाइटिस-बी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

काला पीलिया यानी हेपेटाइटिस-बी वर्षों से गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है। यदि गर्भवती महिला हेपेटाइटिस-बी से संक्रमित हो, तो जन्म के समय 50 से 70 प्रतिशत तक संभावना रहती है कि संक्रमण बच्चे में भी पहुंच जाए। इस गंभीर खतरे को कम करने की दिशा में पंडित भगवत दयाल शर्मा पीजीआइएमएस रोहतक ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जिसने काला पीलिया से लड़ाई की तस्वीर ही बदल दी है। गैस्ट्रोएंट्रोलोजी विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ. प्रवीन मल्होत्रा ने बताया कि 500 गर्भवती महिलाओं पर एक विशेष शोध किया। इन महिलाओं में हरियाणा के साथ-साथ पांच अन्य राज्यों की गर्भवती महिलाएं भी शामिल थीं। शोध के दौरान महिलाओं की गर्भावस्था के समय नियमित जांच, संक्रमण की सतत निगरानी और आवश्यकतानुसार इलाज सुनिश्चित किया गया। प्रसव के बाद जन्मे बच्चों की एक वर्ष तक नियमित निगरानी की गई। रिपोर्ट के नतीजे बेहद उत्साहजनक रहे। 500 नवजात शिशुओं में से केवल एक बच्चे में वह भी बेहद हल्के स्तर पर हेपेटाइटिस के लक्षण पाए गए। विशेषज्ञों के अनुसार यह परिणाम साबित करता है कि समय पर जांच, सही दवाइयां और जन्म के तुरंत बाद दी जाने वाली हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन से मां से बच्चे में संक्रमण को लगभग पूरी तरह रोका जा सकता है।

- मां से बच्चे में काला पीलिया का संक्रमण रोकने में बड़ी सफलता, देशभर के लिए बनी मिसाल

**देश का सबसे बड़ा हेपेटाइटिस इलाज केंद्र बना पीजीआईएमएस**

इस सफलता के बाद पीजीआई देश के सबसे बड़े हेपेटाइटिस इलाज केंद्र के रूप में उभरा है। यहां न सिर्फ हरियाणा बल्कि पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान और बिहार से भी बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। प्रतिदिन औसतन 70 से 80 मरीज हेपेटाइटिस के इलाज के लिए पीजीआईएमएस पहुंचते हैं, जिनमें 15 से 20 नए मरीज होते हैं, जबकि शेष फॉलोअप केस होते हैं। पीजीआइएमएस को वर्ष 2013 में हेपेटाइटिस-बी और सी के इलाज के लिए नेशनल नोडल सेंटर घोषित किया गया था। हरियाणा देश का पहला राज्य रहा, जिसने हेपेटाइटिस की जांच और दवाइयां पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध कराईं।

**70 प्रतिशत मरीजों में नहीं दिखते लक्षण** : करीब 70 से 75 प्रतिशत मरीजों में काला पीलिया के कोई स्पष्ट लक्षण नजर नहीं आते। जबकि 25 से 30 प्रतिशत मामलों में लीवर प्रभावित होने पर पेट में पानी भरना, पैरों में सूजन और खून की उल्टी जैसे गंभीर लक्षण सामने आते हैं।

**जानें....कैसे फैलती है बीमारी**

चिकित्सकों के अनुसार एक ही सुई का बार-बार इस्तेमाल, नशे के इंजेक्शन, बिना जांच-पड़ताल के इलाज, बार-बार खून चढ़ाया जाना और डायलिसिस कराने वाले मरीजों में काला पीलिया फैलने का खतरा अधिक रहता है। यदि परिवार के किसी सदस्य को हेपेटाइटिस-बी हो, तो 13 प्रतिशत संभावना रहती है कि अन्य सदस्य भी संक्रमित हो सकते हैं। ऐसे परिवारों के सभी सदस्यों की जांच कर वैक्सीन दी जाती है।

**अब लाइलाज नहीं है यह रोग**



यह शोध साबित करता है कि काला पीलिया अब लाइलाज बीमारी नहीं रही। यदि गर्भावस्था के दौरान समय पर जांच हो जाए और महिला को सही इलाज मिले, तो मां से बच्चे में हेपेटाइटिस-बी का संक्रमण लगभग पूरी तरह रोका जा सकता है। जन्म के तुरंत बाद बच्चे को दी जाने वाली वैक्सीन और आवश्यक दवाएं बेहद प्रभावी हैं। हमारी कोशिश यही है कि हर गर्भवती महिला की स्क्रीनिंग अनिवार्य हो। जागरूकता और नियमित जांच से हम आने वाली पीढ़ी को काला पीलिया से मुक्त कर सकते हैं। वर्ष 2013 से 2025 के बीच लाखों मरीज पीजीआइएमएस में इलाज के लिए पहुंचे और स्वस्थ हुए। गंभीर मरीजों के लिए यहां मॉडल ट्रीटमेंट सेंटर पर एंडोस्कोपी समेत अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। आंकड़ों के अनुसार 25 हजार मरीज हेपेटाइटिस-सी से ग्रसित पाए गए और 12 हजार मरीज हेपेटाइटिस-बी से पीड़ित मिले। -**डा. प्रवीन मल्होत्रा,** सीनियर प्रोफेसर, गैस्ट्रोएंट्रोलोजी विभाग



अब पेड़ों पर नहीं चलेगी बेरहम कुल्हाड़ी
शहर में हरियाली रहेगी बरकरार

# आखिर 200 पेड़ कटने के बाद आया हाईकोर्ट का फैसला सेक्टर-6 में 12000 पेड़ों पर मंडरा रहा खतरा अभी टला

इस फैसले के बाद रोहतक के लोगों में खुशी की लहर, एक एनजीओ और नवीन जय हिंद ने दायर की थी याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरित क्षेत्र को बचाने की लड़ाई आखिरकार रंग ले आई। करीब 200 पेड़ कटने के बाद जब मामला गंभीर हुआ, तब पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के हस्तक्षेप से शेष 12 हजार पेड़ों पर मंडरा रहा खतरा फिलहाल टल गया है। अदालत द्वारा पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने के फैसले के बाद शहरवासियों ने राहत की सांस ली है। दरअसल, रोहतक में प्रस्तावित व्यावसायिक विकास के नाम पर शहर के भीतर स्थित हरे-भरे इलाके में लगातार पेड़ों की कटाई शुरू कर दी गई थी। शुरुआती दौर में लगभग 200 पेड़ काटे जा चुके थे, जिसके बाद पर्यावरण प्रेमियों और सामाजिक संगठनों में भारी आक्रोश देखने को मिला। लोगों का कहना था कि यदि समय रहते रोक नहीं लगाई जाती, तो हजारों पेड़ खत्म हो जाते और शहर का हरित संतुलन बिगड़ जाता। हाईकोर्ट के फैसले के बाद रोहतक के लोगों में खुशी की लहर है। वहीं दूसरी ओर यह सवाल भी उठ रहे हैं कि 200 पेड़ कटने के बाद ही सिस्टम क्यों जागा। फिलहाल, रोहतक के हरे-भरे भविष्य को लेकर उम्मीद जगी है।



पेड़ बचाने को किए थे प्रदर्शन। (फाइल फोटो)

**जयहिंद ने संभाली थी कमान :** अगस्त 2025 में पेड़ों की कटाई के विरोध में सामाजिक कार्यकर्ता नवीन जयहिंद ने आंदोलन की अगुवाई की। उन्होंने रोहतक में अनोखे तरीके से विरोध दर्ज कराते हुए कटे हुए पेड़ों की 'शव यात्रा' निकाली। यह शव यात्रा के दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की कि तुरंत पेड़ों की कटाई रोकी जाए और इस हरित क्षेत्र को संरक्षित घोषित किया जाए। यह केवल पेड़ों की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के जीवन की लड़ाई है।

### फैसला सर्वमान्य होगा

जब तक हाईकोर्ट के आदेश हमें नहीं मिल जाते तब तक हम इसके बारे में कुछ नहीं कह सकते। मामला संज्ञान में आने के बाद ही आगामी कार्रवाई होगी। हाईकोर्ट का फैसला जो भी होगा वहीं सर्वमान्य होगा। **-डॉ आनंद शर्मा,** आयुक्त, नगर निगम

### एक भी पेड़ नहीं कटना चाहिए

हमने अगस्त 2025 में पेड़ों को कटाई से बचाने के लिए आंदोलन किया था। अब पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने 12 हजार पेड़ बचाने के लिए आदेश जारी किए हैं। वे कोर्ट के फैसले का सम्मान करते हैं। वह खुद चाहते हैं कि एक भी पेड़ नहीं कटना चाहिए। **-नवीन जयहिंद,** समाजसेवी

### प्रशासन ने काट दिए 1500 में से 200 पेड़

■ बाग में 1500 पेड़ लगे होने की जानकारी खुद एचएसवीपी की तरफ से एनजीटी ने कोर्ट में दी है, लेकिन एचएसवीपी ने 200 पेड़ काट दिए थे। इनमें 20 से 25 साल पुराने पेड़ भी थे।

### एचएसवीपी में घोटाले के आरोप भी

■ आरोप लगाया गया था कि एचएसवीपी में बड़े स्तर पर घोटाला चल रहा है। भ्रष्टाचार की नींव पर सेक्टर 6 काटा गया, जिसके सारे सबूत भी दिए गए है। वहां हजारों पेड़ है, जहां एक पार्क बनाना चाहिए, लेकिन एचएसवीपी पेड़ों को काटकर वहां प्लॉट देने की फिराक में है।

### यहां कुछ अधिकारियों के भी प्लॉट

■ सेक्टर-6 में कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के प्लाट भी है, जिसमें में कुछ ने मकान बनाए हुए है और कुछ ने अभी तक काम तक शुरू भी नहीं किया है। कुछ को फिलहाल में ही कब्जा मिला है। 2012 में यह प्लाट ड्रा के माध्यम से निकाले गए थे।

### सख्ती से रुकी कटाई

जनआक्रोश और याचिकाओं के बाद मामला पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट तक पहुंचा। हाईकोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शेष पेड़ों की कटाई पर तत्काल रोक लगा दी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई तक संबंधित क्षेत्र में कोई भी पेड़ नहीं काटा जाएगा। अदालत के इस फैसले को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। कोर्ट की टिप्पणी के बाद प्रशासन भी बैकफुट पर नजर आया और कटाई का कार्य रोक दिया गया।

### सेक्टर छह में करीब 700 प्लॉट

एचएसवीपी के सेक्टर छह में करीब 700 प्लाट है। लोगों का आरोप है कि उस समय नक्शा कुछ और दिखाया गया और अब उस तरह की सुविधा ही नहीं दी गई।

## शहर में आज

- ⏭ मदवि में इंटर कॉलेज क्रॉस कंट्री चैम्पियनशिप
- ⏭ पं. नेकी राम कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव सुबह 10:30 बजे
- ⏭ चौधरी बंसीलाल स्टेडियम में हरियाणा व बंगाल के बीच मैच सुबह 9:30 बजे
- ⏭ एमडीयू के सांख्यिकी विभाग में कौशल विकास कार्यशाला सुबह 10 बजे

## बिजली कट

- ⏭ सुबह 10 बजे से 04 बजे तक: न्यू जनता कॉलोनी, हरी सिंह कॉलोनी, देवी विहार,न्यू विजय नगर
- ⏭ 10 से 12 बजे दोपहर तक: लाढ़ौत रोड, हैफेड रोड, उत्तम विहार, आजादगढ़, किशनपुरा दिल्ली रोड, टोल प्लाजा, मिल्क प्लांट, लक्ष्मी नगर, गोहाना रोड, चमारिया, साई बॉक्सिंग हॉल विशाल नगर, सनसिटी
- ⏭ सुबह 11 बजे से 02 बजे तक: तिलक नगर, कमल कॉलोनी, भरत कॉलोनी

झज्जर एनकाउंटर मामले को लेकर मायना में चौथी बार पंचायत

# खाप प्रतिनिधियों ने जताया एसआईटी जांच पर भरोसा

पंचायती बोले- जांच रिपोर्ट आने तक रखेंगे धैर्य, संतुष्ट नहीं हुए तो बनाएंगे नए सिरे से रणनीति

» *खाप प्रतिनिधियों ने निष्पक्ष जांच की अपील की, मामले को भड़काने से बचने पर जोर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मायना निवासी झज्जर में तैनात एएसआई प्रवीण की जांघ में गोली मारने के मामले में बुधवार को गांव मायना में चौथी बार पंचायत हुई। पंचायत की अध्यक्षता जयपाल दहिया और राजपाल कलकल ने की। इस पंचायत में विभिन्न खापों के प्रतिनिधि शामिल हुए, जिनमें अहलावत खाप के लोग भी मौजूद रहे। पंचायत के दौरान सभी ने एसआईटी पर पूरा भरोसा जताया और कहा कि अहलावत खाप को भी एसआईटी की जांच रिपोर्ट आने तक धैर्य रखना चाहिए।

एएसआई प्रवीण झज्जर में सीआईए में तैनात हैं। 15 जनवरी की रात कुछ युवकों ने शराब पीकर प्रवीण पर हमला किया और उनकी जांघ में गोली मार दी। गोली लगने की सूचना कंट्रोल रूम को मिली, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी का पीछा करते हुए उसे काबू करने के प्रयास में उसके पैर में गोली मारी। मामले में आरोपी अब पुलिस कस्टडी में हैं। गोलीकांड के बाद प्रवीण की सुरक्षा और जांच की मांग को लेकर मायना और आसपास के खापों द्वारा कई बार पंचायत की गई। बुधवार को चौथी बार पंचायत कर सभी खाप प्रतिनिधियों को एकजुट किया गया।



रोहतक। पंचायत करते विभिन्न खाप के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

### खाप के कुछ लोग गलत बयानबाजी कर मामले को भड़काने की कर रहे कोशिश

चौथी पंचायत में खाप प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि मामला एसआईटी के जरिए निष्पक्ष रूप से जांच के तहत है। जयपाल दहिया, दहिया खाप के प्रधान, ने बताया कि पहले डीघल गांव में आरोपी के परिवार की तरफ से भी पंचायत हुई थी, जिसमें निष्पक्ष जांच की आवश्यकता पर जोर दिया गया था। अब मायना पंचायत में भी यही बात दोहराई गई। प्रतिनिधियों ने कहा कि कुछ खाप के लोग गलत बयानबाजी कर मामले को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने सबको शांति बनाए रखने और मामले को जांच की प्रक्रिया पर छोड़ने की अपील की। सीएम नायब सैनी ने मामले में सोनीपत की पुलिस कमिश्नर ममता के नेतृत्व में एसआईटी गठित की है और जांच जारी है।

### रविवार को होगी पंचायत

गांव मायना के सरपंच प्रतिनिधि प्रवीण ने बताया कि पंचायत में सभी खापों के प्रतिनिधियों ने विचार-विमर्श किया और निष्पक्ष जांच की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रविवार को एक और पंचायत आयोजित की जाएगी, जिसमें मामले पर कोई बड़ा निर्णय लिया जाएगा। इस बैठक में सभी खाप प्रतिनिधियों को शामिल होने का न्योता दिया जाएगा, ताकि किसी प्रकार की गलतफहमी और अफवाह फैलने से बचा जा सके। पंचायत ने स्पष्ट किया कि एएसआई प्रवीण की सुरक्षा, जांच की निष्पक्षता और सामाजिक शांति बनाए रखना प्राथमिकता है। सभी खापों ने एसआईटी की जांच पर भरोसा जताया और समाज के लोगों से भी अपील की कि मामले को राजनीतिक या व्यक्तिगत रूप से भड़काने का प्रयास न करें। पंचायत में उपस्थित प्रतिनिधियों ने कहा कि एसआईटी की रिपोर्ट आने तक सब्र रखना ही उचित कदम है, और इस मामले में कानून के दायरे में रहकर ही समाधान निकाला जाएगा।

## खबर संक्षेप

### एचडी स्कूल की राधिका ने जीता गोल्ड मेडल



**रोहतक।** एचडी पब्लिक स्कूल बहुअकबरपुर की प्रतिभाशाली छात्रा राधिका ने 23 से 25 जनवरी तक कोलकाता में आयोजित जूनियर नेशनल जूडो चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय, क्षेत्र और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल है। राधिका की यह सफलता उसके निरंतर अभ्यास, अनुशासन, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच उसने अपने दमदार खेल से सभी मुकाबले जीतकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के निदेशक सुरेंद्र सिंह फोगाट एवं शैक्षणिक निदेशक कृष्णा बल्हारा फोगाट ने राधिका को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह जीत एचडी पब्लिक स्कूल की खेल-उन्मुख एवं सर्वांगीण विकास की नीति का सशक्त प्रमाण है।

### मत्स्य पालन को बढ़ावा दें अधिकारी : उपायुक्त

**रोहतक।** डीसी सचिन गुप्ता ने कृषि एवं सहायक विभागों की मासिक जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को किसानों की आय बढ़ाने के लिए पशुपालन, बागवानी और मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने अपने दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन विविधीकरण, तकनीक के उपयोग और योजनाओं के समन्वय के माध्यम से किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में कार्य कर रहा है। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक कल्याणकारी योजना का लाभ पारदर्शी, समयबद्ध और जवाबदेह तरीके से वास्तविक व जरूरतमंद लाभार्थियों तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि परिणामों की निगरानी के लिए मासिक समीक्षा और फील्ड स्तर पर सत्यापन किया जाएगा। सचिन गुप्ता ने बागवानी विभाग को मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए और बताया कि शहद को भावांतर भरपाई योजना के अंतर्गत 120 रूपए प्रति किलोग्राम संरक्षित मूल्य के साथ शामिल किया गया है। किसानों को योजना के प्रति व्यापक रूप से जागरूक करने और उच्च मूल्य वाली नकदी फसलों की ओर प्रेरित करने के निर्देश दिए गए।उपायुक्त सचिन गुप्ता ने पशुपालन क्षेत्र में अधिकारियों को मिनी डेयरी स्थापना एवं दुग्ध उत्पादन योजनाओं के तहत उपलब्ध अनुदानों के बारे में जनसंपर्क बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

### मदवि में नवाचारी सहयोग मॉडल पर किया मंथन



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) अपनी वैश्विक शैक्षणिक पहचान को सशक्त करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। इसी दिशा में बुधवार को सेंटर फॉर इंटरनेशनल एकेडमिक अफेयर्स (सीआईएए) के एक प्रतिनिधिमंडल ने शास्त्री इंडो-कैनेडियन इंस्टीट्यूट (एसआईसीआई) नई दिल्ली की ओर से आयोजित उच्च स्तरीय राउंड टेबल बैठक में भाग लिया। शास्त्री इंडो-कैनेडियन इंस्टिट्यूट नई दिल्ली के सम्मेलन कक्ष में आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में कनाडा के प्रतिष्ठित डलहौजी विश्वविद्यालय की प्रेजिडेंट प्रो. किम ब्रूक्स व एसोसिएट वाइस-प्रेसीडेंट (ग्लोबल रिलेशंस) डॉ. बालाकृष्णन पृथ्वीराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। एमडीयू की ओर से राउंडटेबल में सेंटर फॉर इंटरनेशनल एकेडमिक अफेयर्स के डीन प्रो. आशीष दहिया, एसोसिएट डीन प्रो. संतोष तिवारी तथा डॉ. प्राची कौल, निदेशक, शास्त्री इंडो-कैनेडियन इंस्टिट्यूट ने सहभागिता की। चर्चा के दौरान संयुक्त शोध परियोजनाएं, संयुक्त अकादमिक कार्यक्रम, छात्र एवं संकाय विनिमय, ड्यूल/जॉइंट डिग्री, आर्टिकुलेशन पाथवे, पीएचडी के संयुक्त मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप नवाचारी सहयोग मॉडल पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

### एम्बुलेंस ने स्कूटी को मारी टक्कर, युवक घायल

**रोहतक।** गांव कबूलपुर में एक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक सुशील अपने ड्यूटी स्थल के लिए स्कूटी से घर से निकला था। जैसे ही वह गांव से बाहर आया, पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एम्बुलेंस ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर के कारण सुशील सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद राहगीरों ने सुशील को उठाकर पीजीआई ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उसकी हालत को गंभीर बताया और इलाज शुरू कर दिया। घायल की स्थिति नाजुक होने के कारण वह अभी पुलिस को बयान देने में असमर्थ है। पुलिस घायल के ठीक होने के बाद बयान दर्ज करेगी। सुशील के चचेरे भाई भुपराम ने बताया कि एम्बुलेंस ने तेज गति व लापरवाही से स्कूटी में टक्कर मारी। टक्कर के बाद एम्बुलेंस ड्राइवर मौके से फरार हो गया। उन्होंने कहा कि सुशील गंभीर चोटों के कारण फिलहाल बिस्तर पर ही हैं और चिकित्सकों की देखरेख में हैं। सूचना मिलने के बाद शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एसएचओ राकेश सैनी ने बताया कि घायल के भाई की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है । पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में शामिल एम्बुलेंस ड्राइवर की खोज तेज कर दी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के माध्यम से आरोपी की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

### पुलिस ने 24 घंटे में तोड़फोड़ के तीन आरोपी पकड़े



**रोहतक।** शहर में ओल्ड आईटीआई ग्राउंड के पास खड़ी गाड़ियों के शीशे तोड़कर सामान चोरी करने की वारदात का रोहतक पुलिस ने मात्र 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस टीम ने इस मामले में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की टीम को 27 जनवरी की रात सूचना मिली थी कि ओल्ड आईटीआई ग्राउंड के पास 3 अज्ञात युवकों द्वारा करीब 4 से 5 गाड़ियों के शीशे तोड़कर तोड़फोड़ की गई है। सूचना मिलते ही थाना आर्य नगर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। थाना आर्य नगर प्रभारी पीएसआई बिजेन्द्र ने बताया कि पटेल नगर, रोहतक निवासी गर्वित की शिकायत के आधार पर अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 26 जनवरी की रात गर्वित ने गाड़ी ओल्ड आईटीआई शराब ठेके के पास खड़ी की थी और घर चला गया था। सुबह जब वह वापस आया तो उसने देखा कि उसकी गाड़ी के शीशे टूटे हुए थे और अन्य कीमती सामान चोरी हो चुका था। इसके अलावा आसपास खड़ी अन्य चार गाड़ियों के शीशे भी टूटे हुए पाए गए। एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया के दिशा-निर्देशों के अनुसार मामले की गहनता से जांच की गई।

## खबर संक्षेप

### प्रो. सोनू बनी विधि विभाग की अध्यक्ष



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि. के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने विधि विभाग की प्रोफेसर डॉ. सोनू को विधि विभाग का विभागाध्यक्ष नियुक्त किया है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि बतौर विधि विभागाध्यक्ष प्रो. सोनू की नियुक्ति 31 जनवरी 2026 से आगामी तीन वर्षों की अवधि के लिए प्रभावी होगी। प्रो. सोनू अपने कार्यकाल के दौरान विभाग की लोक सूचना अधिकारी (पीआईओ) के रूप में भी कार्य करेंगी।

### लाखन माजरा रेलवे स्टेशन पर होगा ठहराव



**महम।** अब लाखन माजरा रेलवे स्टेशन पर भी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव होगा। इसके लिए राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की थी। रेलमंत्री ने उनकी इस मांग को मंजूरी दे दी है। रेल मंत्रालय ने इस संबंध में राज्यसभा सांसद को मंजूरी का पत्र भेजा है। अब जींद-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन और दिल्ली-जींद पैसेंजर ट्रेन का लाखन माजरा रेलवे स्टेशन पर ठहराव होगा। इस ट्रेन के रुकने से लाखन माजरा क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा। इस ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर इलाके कई व्यक्ति राज्यसभा सांसद से उनके महम आवास पर मिले थे और उनको समस्या से अवगत करवाया था। मांग पूरी होने पर इलाके के लोगों में खुशी का माहौल है।

### रोहतक में बाल मजदूरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 3 बच्चों का रेस्क्यू किया

**रोहतक।** सिविल हॉस्पिटल के आसपास स्थित दुकानों पर बाल मजदूरी की सूचना मिलने पर एमडीडी. ऑफ इंडिया के सहायक विकास व मानव तस्करी रोधी टीम के सदस्यों रवि मलिक एवं अरुण कुमार द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी की गई। इस कार्रवाई के दौरान तीन बच्चों को बाल मजदूरी से मुक्त कराया गया। रेस्क्यू किए गए बच्चों में एक बच्चे (उम्र लगभग 15 वर्ष) भोजन की रेडी पर तंदूर पर काम करता पाया गया, दूसरा बच्चा (उम्र लगभग 16 वर्ष) साइकिल रिपेयर की दुकान पर कार्यरत था, तीसरा बच्चा (उम्र लगभग 17 वर्ष) बर्तन की दुकान पर काम करता पाया गया। इनमें से दो बच्चे उत्तर प्रदेश व एक बच्चा बिहार का निवासी है, जो यहां मजदूरी कर रहे थे। रेस्क्यू के पश्चात सभी बच्चों को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी रोहतक के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कमेटी के चेयरमैन एडवोकेट सतीश कौशिक, सदस्य एडवोकेट विकास अत्री एवं उषा रानी द्वारा बच्चों के माता-पिता एवं परिजनों को बुलाकर काउंसलिंग की गई। उन्हें समझाया कि यदि भविष्य में बच्चों से मजदूरी करवाई गई तो उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। माता-पिता ने आगे से बच्चों से मजदूरी नही करवाने का लिखित व मौखिक आश्वासन दिया। संबंधित दुकानों के मालिकों को भी सख्त चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में बाल मजदूर रखते पाए गए तो उनके खिलाफ भी कानून के अनुसार एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। सतीश कौशिक ने कहा कि किसी भी बच्चे से मजदूरी या ऐसा कोई कार्य न करवाएं जिससे बच्चे के शारीरिक, मानसिक या शैक्षणिक हितों को नुकसान पहुंचे।

# बच्ची से दुष्कर्म का आरोप, घर आकर मांगी माफी, परिवार पर समझौते का दबाव

आईएमटी थाना क्षेत्र के गांव की घटना, बच्ची सदमे में, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आईएमटी थाना क्षेत्र के गांव में बच्ची के साथ गलत काम किए जाने का गंभीर मामला सामने आया था। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी गई है। घटना के बाद से बच्ची मानसिक रूप से काफी घबराई हुई है और परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं। बच्ची की मां ने बताया कि घटना के समय वह घर पर थी, जबकि उसका पति किसी काम से पीजीआई गया हुआ था। इस दौरान बच्ची घर के बाहर गली में खेलने चली गई। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने बच्ची के साथ गलत हरकत की। शाम को जब बच्ची के पिता घर पहुंचे तो बच्ची बेहद डरी-सहमी हुई थी। परिजनों ने उससे बात की तो पूरी घटना का खुलासा हुआ। इसके बाद परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

### बच्ची की काउंसलिंग करवाई

बच्ची की मां का आरोप है कि घटना के बाद आरोपी अपनी पत्नी के साथ उनके घर आया और अपनी हरकत के लिए माफी मांगने लगा। साथ ही उसने परिवार पर समझौता करने का दबाव भी बनाया, ताकि पुलिस में शिकायत न दी जाए और मामला दर्ज न हो। पीड़ित मां ने बताया कि घटना के बाद से बच्ची गहरे सदमे में है। आरोपी की उम्र करीब 50 वर्ष बताई जा रही है। बाल कल्याण समिति के चेयरमैन सतीश कौशिक ने बताया कि नाबालिग बच्ची की काउंसलिंग करवाई गई है। बच्ची की मानसिक स्थिति को देखते हुए माता-पिता को भी समझाया गया है और नियमित रूप से बच्ची की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस को पत्र भेजा गया है और मामले में सख्त कार्रवाई की जरूरत है।

### पुलिस जांच में जुटी

आईएमटी थाना एसएचओ बिजेंद्र कुमार ने बताया कि बच्ची के साथ गलत काम की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है

### परिजनों की मांग

पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आरोपी की जल्द गिरफ्तारी, सख्त कानूनी कार्रवाई और बच्ची को सुरक्षा व न्याय दिलाने की मांग की है। परिवार का कहना है कि इस तरह की घटनाओं में किसी भी तरह का समझौता स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए, ताकि समाज में कड़ा संदेश जाए।

**समस्या** गलियों में नहीं हो रही सफाई, बीमारी फैलने का खतरा

# सेक्टर-14 से सफाई कर्मचारी गायब, लगने लगे कूड़े के ढेर

स्थानीय निवासी कई बार पार्षद व अधिकारियों से कर चुके संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के सेक्टर 14 में बीते कई माह से नियमित सफाई नहीं हो पा रही है। क्षेत्र की अधिकांश गलियों में कूड़ा-कचरा जगह-जगह बिखरा हुआ है, जिससे वातावरण दूषित हो रहा है। लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। सेक्टर निवासियों ने बताया कि हमने नगर निगम अधिकारियों से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए फरवरी माह तक का समय तय किया गया है।।

### घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल

एमएल अरोड़ा ने बताया कि यहां की स्थिति दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। गलियों में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, सीवर जाम पड़े हैं और दुर्गंध के कारण घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।





### लापरवाही बरती जा रही

डॉ. सरोजनी नांदल ने बताया कि गंदगी के कारण मच्छरों और मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य बीमारियों का खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन यहां पूरी तरह से लापरवाही बरती जा रही है।



### नहीं हो रहा समाधान

सीएस मलिक ने बताया कि सेक्टर 14 शहर का प्रमुख आवासीय क्षेत्र है, इसके बावजूद यहां सफाई कर्मचारियों की नियमित तैनाती नहीं की जा रही। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायतों के बाद भी कोई अधिकारी मौके पर निरीक्षण करने तक नहीं पहुंचा। उन्होंने बताया गंदगी की शिकायत करने के बाद भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा।



### हर गली में बुरा हाल

जेपी पराशर ने कहा कि यहां हर गली में गंदगी पड़ी हुई है। सफाई कर्मचारी कभी आते नहीं हैं। इस वजह से लोग काफी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन को चाहिए कि यहां सफाई करवाई जाए ताकि लोगों को गंदगी से छुटकारा मिल सके। प्रशासन तुरंत सफाई करवाए।

### गाड़ी सवार तीन युवक 253 ग्राम अफीम के साथ किए गिरफ्तार

■ फरमाणा के पास नाकाबंदी पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार



**रोहतक।** पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए गाड़ी सवार तीन युवकों को नशीले पदार्थों सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 253 ग्राम अफीम बरामद की है। प्रभारी एवीटी एवं पीओ स्टाफ उप-निरीक्षक रामबीर कुमार ने बताया कि सहायक उप-निरीक्षक संजय के नेतृत्व में पुलिस टीम गांव फरमाणा के पास गश्त पर थी। इसी दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर गांव मालवी मोड़, फरमाणा के पास नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग शुरू की गई। चेकिंग के दौरान गांव मालवी की ओर से आ रही गाड़ी को शक के आधार पर रोका गया।

गाड़ी में सवार युवकों की पहचान दिनेश निवासी गांव भराण हाल जींद, राजकुमार निवासी जुलाना तथा रोबिन निवासी लाखनमाजरा के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर राजकुमार के पास से 141 ग्राम तथा रोबिन के पास से 112 ग्राम अफीम बरामद हुई, जो कुल 253 ग्राम है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना महम में केस दर्ज करके मामले की जा रही है।